# हरियाणा विधान सभा

**मंगलवार, 11 सितम्बर, 2018**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

## उपरि पुल का निर्माण

***2857. श्री हरविन्द्र कल्याण, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मधुबन, करनाल में पक्के पुल के पास संवर्धन नहर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर उपरि पुल का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## सड़क की मरम्मत

***2685. श्री पिरथी सिंह, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि नरवाना शहर में ढाकल लिंक रोड, विश्वकर्मा चौक से रामनगर गली नं० 10 तक बुरी अवस्था में है ; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक मरम्मत किये जाने की संभावना है ?

---

## ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थानांत्रित करना

***2843. श्री ज्ञान चन्द गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि राष्ट्रीय राजमार्ग–73 झुरीवाला से ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थानांत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उक्त ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र के कब तक स्थानांत्रित किए जाने की संभावना है ?

---

## सिंचाई के लिए साफ पानी उपलब्ध करवाना

***2752. श्री जाकिर हुसैन, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) जिला नूंह में सिंचाई के लिए साफ पानी उपलब्ध करवाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त योजना के कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की सम्भावना है ?

---

## रोजगार उपलब्ध करवाना

***2829. श्री जसबीर देशवाल, एम०एल०ए० :** क्या औद्योगिक एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि उद्योगों में राज्य के स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं ?

---

## पहाड़ी क्षतिपूर्ति भत्ता प्रदान करना

***2827. श्रीमती लतिका शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या मोरनी क्षेत्र में कार्यरत सभी अध्यापकों को पहाड़ी क्षतिपूर्ति भत्ता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## पशु चिकित्सालय का पुनर्निर्माण

***2801. श्री बलकौर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या पशुपालन एवं डेरी विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालांवाली (सिरसा) में राजकीय पशु चिकित्सालय जर्जर अवस्था में है; यदि हां, तो उपरोक्त पशु चिकित्सालय के कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना स्कीम

***2818. श्री असीम गोयल, एम०एल०ए० :** क्या खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत योग्य व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा उन व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें लाभ प्राप्त नहीं हुआ है; तथा

(ख) उक्त योजना का लाभ शेष व्यक्तियों को कब तक दिए जाने की संभावना है ?

---

## ढाणियों/डेरों में सिंगल फेस कनैक्शन

***2746. श्री बलवन्त सिंह, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य की ढाणियों/डेरों में सिंगल फेस कनैक्शन उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित करना

***2804. श्री रणधीर सिंह कापड़ीवास, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भारत सरकार द्वारा निश्चित किए गए समर्थन मूल्य की तर्ज पर राज्य में बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य निश्चित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## सड़कों की मरम्मत

***2808. श्री श्री कृष्ण हुड्डा, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरौदा निर्वाचनक्षेत्र की निम्नलिखित सड़कें जर्जर अवस्था में हैं–

i. गांव बनवासा से गढवाल;

ii. गांव कथुरा से रिंढाना;

iii. गांव कथुरा से धनाना;

iv. गांव मोई हुड्डा से रिथाल सड़क फिरनी; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इनके कब तक मरम्मत किए जाने की संभावना है ?

---

## राज्य में कोल्ड चेन स्टोरेज

***2777. श्रीमती प्रेमलता, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में जिलावार कोल्ड चेन स्टोरेज की संख्या कितनी है; तथा

(ख) राज्य में कोल्ड चेन स्टोरेज प्रबंधन को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के साथ परामर्श करके सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## आई.आई.आई.टी. किलोरद की वर्तमान स्थिति

***2846. श्री जगबीर सिंह मलिक, एम०एल०ए० :** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) आई.आई.आई.टी., किलोरद की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) किलोरद कैम्पस में कक्षाएं कब से आरम्भ किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) उपरोक्त आई.आई.आई.टी. कैम्पस की चारदीवारी का निर्माण कार्य कब पूरा किए जाने की संभावना है ?

---

## सड़क का निर्माण कार्य

***2697. श्री जयवीर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत से सिलाना वाया बिधलान सड़क का वर्ष 2013 में आरम्भ किया गया निर्माण कार्य नवम्बर, 2014 से पूर्णतया बंद है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

---

## सीवरेज प्रणाली को सुधारना

***2819. श्रीमती नैना सिंह चौटाला, एम०एल०ए० :** क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि डबवाली शहर की सीवरेज प्रणाली बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त शहर की सीवरेज प्रणाली की अवस्था को कब तक सुधार दिए जाने की संभावना है ?

---

## 33 के.वी.सब–स्टेशन स्थापित करना

***2786. श्री राम चन्द कम्बोज, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि रानियां निर्वाचनक्षेत्र के गांव मंगालिया में 33 के.वी. सब–स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

---

## स्वच्छ पानी की आपूर्ति

***2796. श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि फतेहाबाद में सैक्टर–3 में स्वच्छ पीने के पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सैक्टर को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है ?

---

## वनों के चारों ओर बाड़ बन्दी

***2836. श्री कुलवन्त राम बाजीगर, एम०एल०ए० :** क्या वन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या स्योंसर, कोलीखेड़ा तथा सीवन के वनों की बाड़ बन्दी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

---

## सक्षम युवा योजना का ब्यौरा

***2727. श्रीमती गीता भुक्कल, एम०एल०ए० :** क्या श्रम एवं रोजगार मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में सक्षम युवा योजना का ब्यौरा क्या है तथा आज तक राज्य में योजना के अधीन लाभान्वितों की संख्या कितनी है ?

---

## ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति

***2809. श्री नसीम अहमद, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि सामान्य अस्पताल, मंडी खेड़ा, जिला नूंह में ठेकेदार द्वारा नियुक्ति किए गए कर्मचारियों की पद–वार संख्या कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

चण्डीगढ़ :
दिनांक 1 सितम्बर, 2018.

सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

56521—H.V.S.—H.G.P., Chd.